# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय समाचारिकी

## Dr. Sarvepalli Radhakrishnan Rajasthan Ayurved University Newsletter

जुलाई 2023 | आयुर्वेदात्मकं ज्योतिः शाश्वतं नः प्रकाशताम्। | वर्ष 6, अंक 01





वैद्य राजेश कोटेचा सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय का दौरा किया ( विस्तृत समाचार पृष्ठ पर )

## इस अंक में .......


- सेरेब्रल पाल्सी एवं ऑटिज्म यूनिट का उद्घाटन
- मर्मचिकित्सा कार्यशाला "मर्मज्ञ 2023" का आयोजन
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता सप्ताह का आयोजन
- शोधपद्धति पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "शोध मीमांसा-2023" आयोजित
- 26 घण्टे अखण्ड सूर्यनमस्कार का आयोजन कर आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने रचा विश्व कीर्तिमान
- शैक्षणिक गतिविधियों के अन्तर्गत अतिथि व्याख्यान
- चिकित्सापरक गतिविधियाँ
- पर्यावरण सम्बन्धित सरोकार



RAJBIL/2017/74087

## कुलपति की कलम से ........



स्वस्थ मानव राष्ट्र की बहुमूल्य पूंजी है। भारतीय संस्कृति ने आरोग्य सम्पदा के महत्त्व को अवधारित करते हुए वैज्ञानिक जीवनशैली स्थापित की जो प्रकारान्तर से आयुर्वेदीय चर्चा के रूप में सुख्यात हुई। वर्तमान में भारत के बृहत्तम प्रान्त राजस्थान में स्थित यह विश्वविद्यालय आरोग्य के प्रसार हेतु कटिबद्ध है। वर्तमान में आयुर्वेद यूनानी के साथ–साथ, यूनानी, होम्योपैथी तथा प्राकृतिक चिकित्सा की सेवाएँ भी विगत वर्षो से प्रारम्भ की गई हैं। आई.आई.टी, बी.एस.एफ आदि अनेक स्थानों पर जनसामान्य को चिकित्सा व स्वास्थ्य के लिए आयुष सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु आयुष ओपीडी संचालित की जा रही है। इसके साथ ही आयुष सेवा के प्रसार हेतु जोधपुर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा बालकों में रोगप्रतिरोधक क्षमता के सम्वर्धन एवं विकास हेतु 2016 से सफलता के स्वर्णिम परचम को लहराता स्वर्णप्राशन अभियान प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयोजित हो रहा है। आंगिक चिकित्सालय में सेरेब्रल पाल्सी, निःसन्तानता, आटिज्म, मधुमेह, एककुष्ठ, अस्थमा, सन्धिगतवात, स्ट्रेस मैनेजमेण्ट, अर्श–भगन्दर, आदि रोगों का विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सफल चिकित्सा की जाकर विश्वविद्यालय के गौरव में निरन्तर अभिवृद्धि हो रही है। चिकित्सालय में पंचकर्म, अग्निकर्म, क्षारसूत्र, जलौकावचारणा, मर्म चिकित्सा, आदि के रूप में विशिष्ट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े हस्तशिल्प उत्सव में भी विश्वविद्यालय के स्टॉल ने उत्कृष्ट सेवाओं का योगदान कर प्रथम स्थान अर्जित करके विश्वविद्यालय का मान बढाया है।

यदि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की चर्चा की जाये तो विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन अध्यापन के साथ–साथ विश्वविद्यालय मानव संसाधन केन्द्र द्वारा ऑनलाईन तथा ऑफलाईन मोड पर शैक्षणिक सेमिनार, वर्कशॉप के माध्यम से व्याख्यानों का सतत आयोजन से किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की प्रथम एल्युमिनी मीट–समज्या 2023, षष्ठ दीक्षान्त समारोह, मर्मचिकित्सा पर कार्यशाला ''मर्मज्ञ–23'' एवं शोधप्रविधि पर कार्यशाला शोध–मीमांसा का विश्वविद्यालय के नवर्निमित सुश्रुत सभागार में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन भव्य आयोजनों हेतु विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक संकाय सदस्य तथा प्रशासनिक खण्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी साधुवाद के पात्र हैं।

वर्तमान में नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा जोधपुर के विविध स्थानों पर योगशिविर आयोजित किये गये तथा साथ ही साथ समस्त सम्बद्ध एवं अन्य महाविद्यालयों के लगभग नौ हज़ार लोगों ने जुड़कर इस आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योगदल ने सूर्यनगरी जोधपुर की हृदयस्थली घण्टाघर क्षेत्र में छब्बीस घण्टे का अखण्ड सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन कर विश्व कीर्तिमान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी है। विश्वविद्यालय के योगदल द्वारा वैश्विक देशों के G-20 समूह के इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में समूह के निर्धारित विविध विषयों के अन्तर्गत देश मे विभिन्न शहरों मे हो रहे आयोजनों के अन्तर्गत जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समक्ष विश्वविद्यालय के दल द्वारा अविस्मरणीय योगाभ्यास प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों से निश्चित रूप से वैश्विक मानचित्र पर विश्वविद्यालय विख्यात हुआ है।

यदि विश्वविद्यालय के उक्त कार्यो का सिंहावलोकन किया जाये तो ज्ञात होगा कि विश्वविद्यालय न केवल श्रेष्ठ चिकित्सकों के निर्माण में तत्पर है, अपितु निःशुल्क कैम्प, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु भी सन्नद्ध है। आज विश्वविद्यालय का प्रत्येक सदस्य विश्वविद्यालय की गरिमामय अभिवृद्धि हेतु पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से तत्पर है। मैं पुनः इस हेतु विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करता हूँ और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी प्रकार की गतिविधियों सुचारु रूप से संचालित होती रहेगी। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में आये हुए मुख्य अतिथिगण का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रमों को सफल बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं विशेषरूपेण माननीय कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र, पूर्व कुलपति एवं गुरुओं के गुरु प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ तथा माननीय आयुष मन्त्री श्री सुभाष गर्ग का उनके द्वारा समय–2 पर दिये गये मार्गदर्शन हेतु हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिनके विना यह कार्य सम्भव नहीं हो पाते।

**प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति**
कुलपति

## यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी का सेंट्रल काउंसिल ऑफ होम्योपैथी के साथ एमओयू

दिनांक 9 अप्रैल 2023 को माननीय कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से डॉ. गौरव नागर प्राचार्य, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी ने डॉ. सुभाष कौशिक महानिदेशक, सेंट्रल काउंसिल ऑफ होम्योपैथी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत होम्योपैथी के क्षेत्र में नवीन नवाचार एवं स्थापित मान्यताओं के प्रमाणीकरण हेतु विशिष्ट अनुसंधान कार्य किये जायेंगे।



## स्वास्थ्यकल्याण होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, जयपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माननीय कुलपति मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए

दिनांक 10 अप्रैल 2023 विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्यकल्याण होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, जयपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रोफेसर प्रजापति ने बीएचएमएस बैच 2015–16 और एमडी (होम) बैच 2019–20 के उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर प्रो. प्रजापति ने कहा कि छात्रों को उत्साह और गहरे ज्ञान से भरा होना चाहिए जो न केवल होम्योपैथी में चिकित्सा अभ्यास शुरू करने के लिए आवश्यक है बल्कि होम्योपैथी के अनुसंधान, नवाचार, शिक्षा के क्षेत्र में भी आवश्यक है। वे होम्योपैथी की अवधारणाओं को अपनाकर चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं। हर छात्र को एक नया स्टार्टअप शुरू करने के बारे में सोचना चाहिए जो आज की जरूरत है। होम्योपैथी मानव जाति की सेवा करने वाले कल का भविष्य होगा। इसलिये बहुत सारे संस्थान हैं जो अनुसंधान के लिए धन उपलब्ध करा रहे हैं। प्रत्येक संकाय सदस्य को अनुसंधान परियोजनाओं को ग्रहण करने के अवसरों का लाभ उठाने के लिए जागरुक होना चाहिए।



## यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर द्वारा "वर्ल्ड होम्योपैथिक डे" आयोजित

दिनांक 14 अप्रैल 2023 को माननीय कुलपति महोदय वैद्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार "वर्ल्ड होम्योपैथिक डे" डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद यूनिवर्सिटी' परिसर में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर द्वारा मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि वैद्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति रहे। इस प्रोग्राम के अध्यक्ष कुलसचिव महोदया श्रीमति सीमा कवियाँ एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ महेन्द्र पटवा रहे। इस कार्यक्रम के तहत यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर, के प्राचार्य डॉ गौरव नागर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ मनाली त्यागी ने भारत में होम्योपैथी के विस्तार एवं अग्रणी भारतीय होम्योपैथिक चिकित्सकों के बारे में बताया, डॉ ओम जी ने होम्योपैथी मे रिसर्च के बारे में जानकारी दी। डॉ महेन्द्र पटवा ने विद्यार्थियों को होम्योपैथिक प्रैक्टिस की महता के बारे में बताया। माननीय कुलपति महोदय वैद्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति जी ने अपने भाषण में रिसर्च में नई दवाओं के ट्रायल एवं यूनिफार्म फार्माकोपिया की आयुष पद्धतियों में आवश्यकता बताई साथ ही उन्होंने उजागर किया कि देश की चिकित्सा आवश्यकताएं पूरा करने हेतु सभी आयुष प्रणालियों को मिलकर काम करना होगा।



## रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद पी.जी. कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भोपाल में कुलपति का अतिथि व्याख्यान

दिनांक 15 अप्रैल 2023 को कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद पी.जी. कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भोपाल में बीएएमएस प्रथम वर्ष के लिए आयोजित Transitional Curriculum एवं एमडी एमएस पीजी ओरिएंटेशन में वर्तमान परिदृश्य में आयुष के महत्व विषय पर व्याख्यान दिया गया।



## कुलपति प्रो. प्रजापति द्वारा राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जयपुर का निरीक्षण

दिनांक 23 अप्रैल 2023 को प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, द्वारा राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जयपुर का निरीक्षण किया गया। विजिट के दौरान प्रो. कामिनी कौशल प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, जयपुर द्वारा उनका पुष्पगुच्छ और साफे से सम्मान किया गया। उन्होनें अस्पताल और हर्बल गार्डन का दौरा किया। इस अवसर पर BAMS छात्रों हेतु Induction programme में उन्होने कॉलेज के छात्रों को संबोधित किया।



## कुलपति द्वारा दून अस्पताल, डीएमसीएच, सहारनपुर, यूपी के नए ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन

दिनांक 24 अप्रैल 2023 को कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने DAMCH सहारनपुर में कार्यक्रम में शिरकत की और कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्ष, DAMCH और प्रो. देवी लाल चौधरी, प्राचार्य DAMCH सहारनपुर द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्रों द्वारा की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों और शैक्षणिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने दून अस्पताल, डीएमसीएच, सहारनपुर, यूपी के नए ओपीडी ब्लॉक का भी उद्घाटन किया।



## आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी उत्तराखंड के लिए क्षार सूत्र पर छह दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 24 अप्रैल 2023 को आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी उत्तराखंड के लिए शल्य तंत्र के पीजी विभाग द्वारा क्षार सूत्र पर आयोजित छह दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो प्रदीप कुमार

प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति माननीय कुलपति ने प्रेरक भाषण के साथ वर्चुअल माध्यम से उन्हें संबोधित किया। प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, एचओडी शल्य तंत्र एवं उत्तराखंड के निदेशक, प्रो. अरुण त्रिपाठी ने छह दिनों के सीएमई कार्यक्रम का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया।



## कुलपति द्वारा सेरेब्रल पाल्सी एवं ऑटिज्म यूनिट का उद्घाटन

दिनांक 25 अप्रैल 2023 को कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति और प्रोफेसर जी एस तोमर, पूर्व प्राचार्य आयुर्वेद कॉलेज इलाहाबाद, विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष और गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर यूपी के कार्यकारी समिति सदस्य ने सेरेब्रल पाल्सी एवं ऑटिज्म यूनिट का उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय संजीवनी आयुर्वेद अस्पताल में बालरोग विभाग, कायचिकित्सा इकाई की जराचिकित्सा इकाई, बालपंचकर्म इकाई, नशामुक्ति, पंचकर्म इकाई और कायचिकित्सा पंचकर्म इकाई का निरीक्षण किया हैं। उन्होंने इस अवसर पर सुश्रुत सभागार में बाजरा एवं पोषण पर अतिथि व्याख्यान दिया।



## कुलपति का कल्टीवेटर फाइटोलैब और फार्मेसी का दौरा

दिनांक 27 अप्रैल 2023 को कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति ने कल्टीवेटर फाइटोलैब और फार्मेसी, जोधपुर का दौरा किया। कुलपति महोदय प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल, पूर्व प्राचार्य, पीजीआईए, डॉ. मनीषा गोयल एसोसिएट प्रोफेसर तथा संगीता इन्दौरियॉ, असिस्टेण्ट प्रोफेसर रस शास्त्र व भैषज्य कल्पना विभाग ने भी प्रयोगशाला का भ्रमण किया।



## मर्म चिकित्सा कार्यशाला "मर्मज्ञ 2023" का आयोजन

दिनांक 28 अप्रैल 2023 को मानव संसाधन विकास केन्द्र एवं रचनाशारीर विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा कार्यशाला की शुरुआत प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, माननीय कुलपति, और प्रोफेसर सुनील कुमार जोशी, माननीय कुलपति, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के मुख्यातिथ्य में की गई। प्रो सुनील जोशी ने इस अवसर पर अपने व्याख्यान में मर्म चिकित्सा के विषय में अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए विभिन्न विकारों से पीड़ित रोगियों पर मर्मचिकित्सा का लाइव प्रदर्शन किया। मर्मज्ञ दूसरे सत्रों में जयपुर के मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. पीयूष त्रिवेदी और जामनगर के विशेषज्ञ मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. हिरेन बी. मिस्त्री ने भी रोगियों पर अपनी विशेषज्ञता प्रस्तुत की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्रीमती. सीमा कावियाँ, प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य, डॉ. राकेश कुमार शर्मा निदेशक, मानव संसाधन विकास केंद्र, डीन एकेडमिक प्रो. राजेश कुमार शर्मा, पूर्व प्राचार्य पीजीआईए, प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल, डॉ. श्योराम शर्मा आयोजन सचिव, फैकल्टी मेंबर्स और यूजी व पीजी के छात्र–छात्राएं मौजूद थे। कार्यशाला में देशभर से 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया व 50 से अधिक पीजी स्कॉलर्स ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।



## कुलपति प्रो. प्रजापति राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम "आयुर्वेद 2047" में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित

दिनांक 1 मई 2023 को विश्व आयुर्वेद परिषद ने आयुर्वेद के सभी हितधारकों से "अगले 25 वर्षों में आयुर्वेद क्या होना चाहिए" के बारे में विचार और टिप्पणियां एकत्र करने के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम "आयुर्वेद 2047" शुरू किया। इस प्रसंग में पहला सेमिनार आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ में आयोजित किया गया। शैक्षिक पुनर्रचना के सन्दर्भ में "आयुर्वेद के पुनरुत्थान में मेरा योगदान", विषय पर 10 आयुर्वेदिक कॉलेजों के 80 संकाय सदस्यों ने सेमिनार में भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, प्रोफेसर महेश व्यास जी, डीन पीएचडी एआईआईए– उपाध्यक्ष वीएपी, डॉ. सुरेंद्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव वीएपी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन VAP मेरठ टीम द्वारा किया गया व संचालन VAP उत्तर प्रदेश के

महासचिव वैद्य चंद्र चूड़ मिश्रा ने किया।



## वाई ब्रेक योग का उद्‌घाटन

दिनांक 5 मई 2023 को कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से वाई ब्रेक योग का उद्‌घाटन सत्र आयुर्वेद स्नातकोत्तर संस्थान, जोधपुर के परिसर में आयोजित किया गया। उद्‌घाटन के अवसर पर श्रीमती सीमा कवियाँ कुलसचिव, प्रोफेसर महेन्द्र कुमार शर्मा, प्राचार्य निदेशक पीजीआईए एवं डॉ. चंद्रभान शर्मा, नोडल अधिकारी, सभी संकाय सदस्यों एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। प्रतिदिन अपरान्ह 3.50 से 4 बजे तक यह वाई ब्रेक योग आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित किया जायेगा।



## राजभवन जयपुर में कुलपति समन्वय समिति की बैठक में कुलपति उपस्थित

दिनांक 9 मई 2023 को कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति को राजभवन जयपुर में माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित कुलपति समन्वय समिति द्वारा विश्वविद्यालयों की वर्तमान प्रगति और समस्याओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित थे। इसी सन्दर्भ में कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र माननीय राज्यपाल राजस्थान सरकार से राजभवन में मिले और उन्हें आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से अवगत कराया।



## कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में नई कैंटीन का उद्‌घाटन

दिनांक 10 मई 2023 को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के परिसर में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए नई कैंटीन का उद्‌घाटन कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा किया गया था। इस अवसर पर पीजीआईए के द्रव्यगुण विभाग के एचओडी एवं चीफ होस्टल वार्डन प्रो. चंदन सिंह, श्री अमर सिंह, डॉ. राजेंद्र पुर्विया एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. मनोज अदलखा एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. नरेंद्र पुरोहित, असिस्टेंट प्रोफेसर और छात्र–छात्राएं मौजूद थे ।



## वैद्य राजेश कोटेचा सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय का दौरा किया

दिनांक 12 मई 2023 को पदमश्री वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ. मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति माननीय कुलपति ने पदमश्री वैद्य राजेश कोटेचा एवं डॉ. मनोज नेसरी का पुष्पगुच्छ, साफा एवं शाल भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन के दौरान वैद्य कोटेचा ने कहा कि आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान, आयुष प्रणाली के विकास के क्षेत्र में मील के पत्थर हासिल किए हैं। छात्रों को अपने प्रेरक भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना होगा। लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। आयुर्वेद विश्वविद्यालय के प्रांगण में वैद्य कोटेचा ने वर्षा जल संचयन एवं उद्यान का शिलान्यास किया। डॉ. नेसरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए श्रम मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और रेल मंत्रालय में आयुष के वर्तमान परिदृश्य की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि वर्तमान–काल आयुष के लिए स्वर्णिम काल है।

इस अवसर पर प्रो.अभिमन्यु कुमार पूर्व कुलपति विशिष्ट अतिथि, श्रीमती सीमा कविया कुलसचिव, श्री मंगला राम बिश्नोई, वित्त नियंत्रक, प्रो. महेंद्र शर्मा, प्राचार्य, निदेशक, पीजीआईए, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, निदेशक, मानव संसाधन विकास केन्द्र, प्रो. राजेश शर्मा

डीन एकेडमिक, प्रोफेसर चंदन सिंह, चीफ वार्डन, प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, चिकित्सालय अधीक्षक, डॉ. गौरव नागर, प्रिंसिपल यूसीएच, सहित पीजीआईए, यूसीएच, यूसीवाईएनएस के संकाय सदस्य, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र उपस्थित थे ।



## रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्तदान

दिनांक 13 मई 2023 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास केंद्र एवं रेड क्रॉस सोसायटी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने 50 यूनिट रक्तदान किया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया ने बताया कि रक्तदान का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम जोधपुर के उम्मेद अस्पताल स्थित रक्त कोष की प्रभारी डॉ. मंजू बोहरा एवं डॉ. संजय मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम द्वारा आयोजित किया गया। आयुर्वेद स्नातकोत्तर संस्थान, जोधपुर के निदेशक प्राचार्य प्रो. महेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों, स्नातक छात्रों द्वारा 50 यूनिट रक्तदान किया गया । विश्वविद्यालय अस्पताल के अधीक्षक प्रोफेसर प्रमोद मिश्रा द्वारा रक्तदान के आयोजन के लिए अस्पताल में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के सह समन्वयक डॉ मनोज अदलखा एवं मानव संसाधन विकास केंद्र की सह कार्यक्रम समन्वयक डॉ रश्मि शर्मा ने सहयोग किया।



## कुलपति द्वारा मौलिक सिद्धांत विभाग के नए ब्लॉक का उद्घाटन

दिनांक 13 मई 2023 को कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति ने स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान जोधपुर में मौलिक सिद्धांत विभाग के नए ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीजीआईए के प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा, मौलिक सिद्धांत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र चाहर, डॉ. मोनिका वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु कपूर, विभागाध्यक्ष अगद तंत्र, डॉ. मनोज अदलखा एसोसिएट प्रोफेसर द्रव्यगुण विभाग, डॉ. रामेश्वर डूडी, सहायक प्रोफेसर, यूसीवाईएनएस, डॉ. भुवनेश शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर, मौलिक सिद्धांत विभाग, एनआईए जयपुर और डॉ. गगन धाकर सहायक प्रोफेसर, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, होशियारपुर, पंजाब उपस्थित थे।



## छात्रों को चरक फार्मा द्वारा BAMS परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पर नकद पुरस्कार व प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित

दिनांक 20 मई 2023 को चरक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर की बीएएमएस की छात्रा निधि शर्मा व शिवानी भटोतिया को बीएएमएस परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 40 हजार रुपए का केस प्राइज व प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किया। कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पीजीआईए के प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा, डीन रिसर्च के प्रो. पी.पी. व्यास और श्री आशीष सिन्हा जनरल मैनेजर चरक फार्मा द्वारा छात्रों को यह पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज अदलखा एवं डॉ. हेमंत राजपुरोहित ने किया। इस मौके पर मौलिक सिद्धांत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र चाहर, डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. दिलीप व्यास सहित संकाय सदस्य व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



## सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 24 मई 2023 को कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति के गतिशील पर्यवेक्षण में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित किया गया जिसमें आयुर्वेद स्नातकोत्तर संस्थान, होम्योपैथी महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस और स्नातक, स्नातकोत्तर विद्वानों और कर्मचारियों के सदस्यों ने भाग लिया और सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। यह कार्यक्रम पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद और यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस द्वारा संयुक्त रूप से डॉ चंद्रभान शर्मा, नोडल अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

दिनांक 25 मई 2023 को कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति ने अगद तंत्र विभाग, पीजीआईए, जोधपुर द्वारा आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. प्रजापति ने अपने सम्बोधन में बताया कि सर्वप्रथम स्वयं को नशे से दूर रखें और संकल्प लें कि अपने जीवन में कम से कम एक व्यक्ति को नशामुक्त करेंगे। कार्यक्रम प्रभारी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ डॉ रितु कपूर ने बताया कि इस जागरुकता सप्ताह के पहले दिन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, प्रो. महेन्द्र कुमार शर्मा, पीजीआईए प्राचार्य एवं समस्त विभागाध्यक्षों ने पोस्टर प्रदर्शनी का निरीक्षण किया ! इस पोस्टर प्रतियोगिता में प्रो. चंदन सिंह व डॉ. राजाराम अग्रवाल निर्णायक रहे। अगद तंत्र के विशेषज्ञों द्वारा तम्बाकू के विकल्प के रूप में आयुरगंधा मिश्रण के रूप में औषधि को तैयार किया गया और सिगरेट छोड़ने के विकल्प के रूप में आयुरधूमपान का प्रदर्शन किया गया।



## तम्बाकू निषेध चिकित्सा शिविर, जागरूकता रैली और डोर–टू–डोर विजिट का आयोजन

दिनांक 26 मई 2023 को कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से अगद तंत्र के स्नातकोत्तर विभाग ने जोधपुर के सांगरिया गांव में तम्बाकू निषेध जागरुकता सप्ताह के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर, जागरूकता रैली और डोर–टू–डोर विजिट का आयोजन किया। आयोजन अध्यक्ष डॉ ऋतु कपूर ने बताया कि श्री तेजा राम चौधरी सरपंच संगरिया गांव के सहयोग से ग्राम पंचायत भवन में यह नशामुक्ति शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 53 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श की सुविधा प्रदान की गयी। इस शिविर में अगदतंत्र विभाग द्वारा बनाई गई आयुर्धूमपान और आयुरगंधा को मरीजों को सिगरेट और तंबाकू के विकल्प के रूप में निःशुल्क वितरित किया गया। इसके साथ ही संगरिया गांव में स्नातकोत्तर अध्येताओं द्वारा एवं डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. अनीता ने अगदतंत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु कपूर के नेतृत्व में लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से अवगत कराने के लिए तंबाकू विरोधी जागरूकता रैली व घर–घर भ्रमण किया गया।




## जीवन यात्रा का सांप सीढ़ी खेल प्रारूप

दिनांक 26 मई 2023 को कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर ने जीवन यात्रा का साप सीढ़ी खेल प्रारूप में उद्घाटन किया। जिसे विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा विभागाध्यक्ष की देखरेख में स्वास्थवृत्त विभाग, आयुर्वेद स्नातकोत्तर संस्थान द्वारा तैयार किया गया है। इस अवसर पर प्रोफेसर महेन्द्र कुमार शर्मा, प्राचार्य पीजीआईए, प्रो. जी.एस. शुक्ला, पूर्व प्राचार्य, डॉ. ऋतु कपूर, अगद तंत्र विभाग विभागाध्यक्ष, डॉ. सौरभ अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. गजेंद्र दुबे, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. अवधेश और स्नातकोत्तर के अध्येता उपस्थित थे।



## संदीपनी स्कूल में भगवद् गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 27 मई 2023 को कुलपति महोदय के निर्देशानुसार पावटा रोड स्थित संदीपनी स्कूल में आयोजित भगवद् गीता स्वाध्याय कार्यक्रम अंतर्गत गीता में वर्णित योग एवं आहार से संबंधित श्लोकों पर चर्चा की गई। लगभग 150 बच्चों को नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में योग जागरुकता अभियान के तहत डॉ. चन्द्रभान शर्मा नोडल ऑफिसर की देख–रेख में सहायक श्याम लाल बिश्नोई एवं नर्सिंग स्टाफ सरोज यादव द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सूर्य नमस्कार, भ्रामरी प्राणायाम व ज्ञान मुद्रा का अभ्यास करवाया गया, आयुर्वेद में वर्णित स्वास्थ्य संवर्धक दिनचर्या एवं आहारचर्या के बारे में बताया गया।



## शोध पद्धति पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "शोध मीमांसा–2023" आयोजित

दिनांक 29 मई 2023 को आयुर्वेद विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय शोध संबंधी राष्ट्रीय कार्यशाला "शोध मीमांसा" का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला के अन्तर्गत चार वैज्ञानिक सत्रों में विशेषज्ञों ने शोध पद्धति पर व्याख्यान दिया।

"आयुर्वेद में साक्ष्य आधारित एवं वैज्ञानिक पद्धति से शोध कार्य की योजना बनाने से पहले शोध विषय के प्राचीन आयुर्वेद–साहित्य में उपलब्ध सन्दर्भों को उसके मूल रूप में समझना सर्वप्रथम आवश्यक है। प्राचीन आयुर्वेद संहिताएँ संस्कृत भाषा में लिखी गई थीं, अतः संस्कृत में लिखे गए उस समय के वैज्ञानिक तथ्यों को समझे और परिभाषित किए बिना आयुर्वेद में शोध कार्य नहीं किया जा सकता। ये शब्द प्रख्यात आयुर्वेद विद्वान एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. (वैद्य) बनवारीलाल गौड़ ने शोध मीमांसा पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहे। प्रो. गौड़ ने कहा कि प्राचीन संहिताओं में चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि आचार्यों ने अपने–अपने युगों में अनेक परीक्षणों के अवलोकनों के परिणामों के आधार पर संहिताओं के रूप में साहित्य की रचना की थी। वर्तमान वैज्ञानिक युग में विषयों को भौतिक मापदंडों के अनुकूल बनाया गया है। उपमाओं को प्रस्तुत करना आज अनुसंधान कहलाता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के सनातन ज्ञान को वैश्विक स्वीकृति के लिए आज के विज्ञान की भाषा में साक्ष्य के साथ प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यशाला में अनुसंधान पद्धति की वैज्ञानिक प्रकृति के ज्ञान के लिए शोधार्थियों को अनुसंधान पद्धति के साथ–साथ बायोस्टैटिस्टिक्स का ज्ञान होना आवश्यक है। कार्यशाला में आमंत्रित विषय–विशेषज्ञों में पूर्व कुलपति प्रो. (वैद्य) बनवारी लाल गौड़ सहित आई.सी.एम.आर. नई दिल्ली के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली के अनुसंधान सलाहकार डॉ. अनिल कुमार तथा गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर स्थित आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. हितेश व्यास द्वारा सुश्रुत सभागार में आयोजित पांच वैज्ञानिक सत्रों में अनुसंधान के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गये जिनका फेसबुक और यूट्यूब पर भी सीधा प्रसारण किया गया।

कार्यशाला के आयोजन अध्यक्ष एवं मौलिक सिद्धांत के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र चाहर व आयोजन सचिव डॉ. हरीश सिंघल ने बताया कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में 550 संभागों ने पंजीकरण कराया और देश के लगभग 3000 लोगों ने व्याख्यान में भाग लिया।




इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का दिनांक 31 मई, 2023 को समारोहपूर्वक समापन कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति के मुख्यातिथ्य में हुआ। समारोह में कुलपति प्रो. प्रजापति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

## विश्व तंबाकू निषेध जागरूकता सप्ताह का समापन

तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला **शोध मीमांसा** के दिनांक 31 मई, 2023 को समापन समारोह के अवसर पर अगद तन्त्र विभाग द्वारा आयोजित हुए **विश्व तंबाकू निषेध जागरूकता सप्ताह** का भी समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति के मुख्यातिथ्य में अतिथियों ने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में

महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी एवं अगद तंत्र विभाग की प्रमुख डॉ. ऋतु कपूर ने इस अवसर पर जागरूकता–सप्ताह में आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह में उपस्थित प्रतिभागियों को तंबाकू निषेध की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने किया।




## क्षारसूत्र चिकित्सा मासिक सेमी ऑनलाइन पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन

कुलपति प्रो. (वैद्य) श्री प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से शल्य तंत्र विभाग, आयुर्वेद स्नातकोत्तर अध्ययन संस्थान ने **क्षारसूत्र चिकित्सा सेमी ऑनलाइन मासिक पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** का आयोजन किया।

इस पाठ्यक्रम में देश भर से आवेदन करने वाले आवेदकों में लगभग 85 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इन प्रतिभागियों को 20–20 के विभिन्न बैचों में आबंटित किया गया। इस पाठ्यक्रम के पहले बैच को प्रायोगिक प्रदर्शन के साथ ऑनलाइन कक्षाओं के साथ विश्वविद्यालय एवं देश भर के ख्यात नाम विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन के अंतिम दिन दिनांक 3 जून 2023 को कुलपति प्रो पी के प्रजापति, कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया, प्रो महेंद्र कुमार शर्मा प्रिंसिपल पीजीआईए, प्रो राजेश गुप्ता एचओडी, शल्य तंत्र विभाग और डॉ. विष्णु दत्त शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गये।



## प्रगति मैदान, दिल्ली में कुलपति महोदय द्वारा व्याख्यान प्रस्तुति

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा दिनांक 3 जून 2023 को प्रगति मैदान, दिल्ली में आयोजित आयुर्वेद संगोष्ठी में ''वर्तमान परिदृश्य में आयुर्वेद का महत्त्व'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।



## विश्वविद्यालय में कार्यालय प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

कुलपति प्रो. (वैद्य) श्री प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के प्रशासकीय कौशल में समुन्नयन के लिए 7–8 जून 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में कार्यालय प्रबंधन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने वक्ताओं का स्वागत किया। उद्घाटन व्याख्यान में श्री सुरेश दत्त पुरोहित, सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा और उपभोक्ता मामले, राजस्थान सरकार द्वारा प्रशासनिक प्रक्रियाओं, आचरण, सीसीए नियमों आदि पर एक व्याख्यान दिया गया। 8 जून को ई–फाइलिंग और विभिन्न ऑनलाइन आधिकारिक पोर्टलों पर एक अन्य व्याख्यान श्री एमआर पुरोहित, अतिरिक्त निदेशक, डीओआईटीसी, राजस्थान सरकार द्वारा दिया गया। कुलपति प्रो. (वैद्य) श्री प्रदीप कुमार प्रजापति ने वक्ताओं को स्मृति चिह्न भेंट किये।



## जोधपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम का आयोजन

जोधपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर सामान्य जनता को स्वास्थ्य लाभ हेतु डॉ चंद्रभान शर्मा के नेतृत्व में योग टीम द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किए गये। इन शिविरों का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में जोधपुरवासी एकत्रित हुए। इन शिविरों के योगाभ्यास के साथ–साथ उन्हें सही दिनचार्य, ऋतुचर्या और पथ्यापथ्य के लाभों को बारे में जानकारी दी गई। ये सभी कार्यक्रम कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति के पर्यवेक्षण और गहन मार्गदर्शन में आयोजित किए गये।



## मरीजों की जांच रिपोर्ट से संबंधित नवीन पैथोलॉजी सॉफ्टवेयर सैन्ट्रल पैथॉलोजी लैब में उद्घाटन

आयुर्वेद विश्वविद्यालय अस्पताल स्थित सैन्ट्रल पैथोलॉजी लैब में दिनांक 12 जून 2023 को कुलपति प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा मरीजों की जांच रिपोर्ट से संबंधित नवीन पैथोलॉजी सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो गोविन्द प्रसाद गुप्ता विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग, डॉ. अरुण दाधीच एसोसिएट प्रोफेसर एवं डॉ. जोगेंदर राव असिस्टेंट प्रोफेसर ने कुलपति का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रो. गुप्ता ने बताया कि इस साफ्टवेयर से मरीजों को ऑनलाइन जांच रिपोर्ट मैसेज, वाट्सएप व ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगी जिससे जोधपुर व दूर–दराज के ग्रामीण अंचलों से आने वाले मरीजों को सुविधा होगी, इस अवसर पर कुलपति के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत लगभग 350 अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों का सी.बी.सी., एल.एफ.टी., सीरम यूरिक एसिड, ईसीजी आदि जॉच करने के निर्देश दिये गये जिससे उन्हें भविष्य में होने वाली संभावित बीमारियों के बारे में पहले से ही सूचना प्राप्त हो सकेगी एवं समय रहते उचित इलाज प्राप्त हो सकेगा। इसी योजना के तहत माननीय कुलपति एवं अन्य नौ शैक्षणिक अधिकारियों ने पैथोलॉजी लैब में रक्त परीक्षण के लिए रक्त के नमूने दिए।



## यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर द्वारा वर्ल्ड ब्लड डोनर डे का आयोजन

कुलपति महोदय प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर द्वारा 14 जून 2023 को वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के रूप में मनाया गया। उक्त दिनांक को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर में जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन से डॉ. अंकिता उपाध्याय सहायक आचार्य ने वर्ल्ड ब्लड डोनर डे एवं रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ राकेश कुमार मीणा सहायक आचार्य ने राष्ट्रीय रक्तदान आंकड़ों के बारे में बताया साथ ही सभी संकाय सदस्यों ने रक्तदान करने की शपथ ग्रहण की। प्राचार्य डॉ. गौरव नागर ने रक्तदान से संबंधित समस्याओं पर अपनी विशेष विचार प्रकट किए एवं संकाय सदस्यों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संचालन डॉ. राकेश मीणा एवं डॉ अंकिता ने किया। इस कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य और शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बाल संस्कार शिविर उद्घाटन समारोह के अवसर पर कुलपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित

दिनांक 14 जून 2023 को मां गायत्री शक्ति पीठ रातानाडा में भारतीय संस्कृति के अनुसार बच्चों में संस्कारों के पोषण हेतु पांच दिवसीय उत्कर्ष 2023 बाल संस्कार शिविर उद्घाटन समारोह के अवसर पर कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। मां गायत्री,गुरू माता एवं गुरुजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए इस बाल संस्कार उत्सव में उपस्थित बालक बालिकाओं उनके अभिभावकों एवं समस्त गायत्री परिवार ने सस्वर गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया कुलपति को दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह एवं गुरुजी द्वारा लिखित पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। तदुपरान्त कुलपति द्वारा वर्तमान में बालकों में भारतीय संस्कृति अनुसार संस्कारों के पोषण की आवश्यकता विषय पर प्रस्तुत सारगर्भित व्याख्यान को सुनकर सभी लोग अभिभूत हुए। कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्वर्णप्राशन के लाभों के बारे में भी बताया और इसका लाभ उठाने हेतु बालकों और अभिभावकों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् सहित कई संस्थाओं के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।




## सम्राट अशोक उद्यान में आयुष प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योग

दिनांक 15 जून 2023 को सुबह डॉ. एस.आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के सभी फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों ने सम्राट अशोक उद्यान, पाल रोड, जोधपुर में आयुष प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया। डॉ चंद्रभान शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों

ने योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया। प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति माननीय कुलपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर ने इस योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्रीमती. सीमा कावियाँ, कुलसचिव, डीएसआरआरएयू. प्रोफेसर महेन्द्र कुमार शर्मा प्राचार्य पीजीआईए, प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला पूर्व प्राचार्य और संकाय सदस्य उपस्थित थे। आयुष प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योग में भाग लिया।



## राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन

दिनांक 21 जून 2023 को कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार श्रीमती सीमा कविया ने बताया कि आयुर्वेद विश्वविद्यालय की योग टीम शहर के आठ स्थानों जैसे आईआईटी, निफ्ट, एनएलयू, पुलिस विश्वविद्यालय आदि में योग सत्र आयोजित किये है। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, शैक्षणिक, गैर–शिक्षण कर्मचारियों और अस्पताल ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





## 26 घण्टे अखण्ड सूर्य नमस्कार का आयोजन कर आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने रचा विश्व कीर्तिमान

विश्वविद्यालय द्वारा 9वें विश्व योग दिवस के अवसर पर 26 घण्टे लगातार अखण्ड सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड दिनांक 21–22 जून 2023 को जोधपुर में उत्साहपूर्वक बनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों ने अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जोश के साथ भाग लिया। दिनांक 21 जून 2023 को शहर के हृदय स्थल घन्टाघर पर प्रातः 8.30 बजे आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति के साथ जोधपुर उत्तर की महापौर श्रीमती कुन्ती देवड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री नरेश जोशी तथा स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि श्री लियाकत अली द्वारा अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कुलपति प्रो. प्रजापति एवं कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया ने इस अवसर पर आगंतुक अतिथिगण का पुष्पगुच्छ और साफा पहनाकर स्वागत किया। स्वयं कुलपति प्रो. प्रजापति ने शुभारम्भ सत्र में 13 सूर्य नमस्कार किए। दोपहर को पधारे जिला कलेक्टर श्री हिमांशु गुप्ता ने सूर्य नमस्कार कर रहे छात्र छात्राओं का हौंसला बढ़ाया। कुलसचिव श्रीमती कविया ने बताया कि इस अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थीगण और शिक्षकगण ने उत्साहपूर्वक बारी बारी से सूर्य नमस्कार का निरन्तर प्रदर्शन किया, जो रातभर जारी रखते हुए 22 जून 2023 को प्रातः 10.30 बजे सम्पन्न हुआ। इस प्रकार 26 घण्टे निरन्तर दिन–रात अखण्ड सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। इस अवसर पर कुल 5430 सूर्यनमस्कार किये गये।






## कुलपति ने तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय, पुणे की 90वीं वर्षगांठ दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया

प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति माननीय कुलपति, ने दिनांक 24 जून 2023 को राष्ट्रीय शिक्षण मंडल के तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय, पुणे की 90वीं वर्षगांठ दिवस समारोह पर उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। माननीय कुलपति महोदय ने ''Know our Ayurved'' प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा आयोजित की गई थी। उन्होंने कॉलेज और शिक्षकों के दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने सभी से प्रदर्शन की अपील की, जहां आयुर्वेद की सभी शाखाओं में शास्त्रीय और नवीनतम विकास का प्रदर्शन किया गया।



## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के किसान मेले में हर्बल पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन

कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से पीजीआईए जोधपुर के स्नातकोत्तर द्रव्यगुण विभाग ने प्रो. चंदन सिंह विभागाध्यक्ष, पी.जी. के नेतृत्व में दिनांक 30 जून 2023 को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के किसान मेले में हर्बल पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। द्रव्यगुण विभाग के डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुर्विया एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. नरेंद्र पुरोहित सहायक प्रोफेसर और डॉ. निकिता, सहायक प्रोफेसर ने मेले में आने वाले किसानों को विभिन्न हर्बल पौधों की खेती की जानकारी दी और उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया, साथ ही उन्हें खेती के लिए प्रेरित किया।



## शैक्षणिक गतिविधियों के अन्तर्गत अतिथि व्याख्यान



मानव ससाधन विकास केन्द्र पीजीआईए द्वारा सभागार में दिनांक 17 अप्रैल 2023 को साइबर सुरक्षा और जागरुकता विषय पर श्री अर्जुन चौधरी लेफ्टिनेंट, उपनिदेशक, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय जोधपुर का अतिथि व्याख्यान आयोजित



स्नातकोत्तर अगद तंत्र विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में दिनांक 18 अप्रैल 2023 को डीएनए फिंगरप्रिंटिंग विशय पर डॉ बैजू माथुर, सहायक निदेशक डीएनए (फोरेसिंक सांइस लेब) सेल का अतिथि व्याख्यान आयोजित




स्नातकोत्तर शल्य तंत्र विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में दिनांक 27 अप्रैल 2023 को प्रो. पी. हेमंत, प्रोफेसर, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर का अतिथि व्याख्यान आयोजित





स्नातकोत्तर शल्य तंत्र विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में दिनांक 27 अप्रैल 2023 को प्रो. टी.एस. दुधामल प्रोफेसर, शल्य तंत्र विभाग, आईटीआरए जामनगर का अतिथि व्याख्यान आयोजित




डॉ रश्मि शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, स्नातकोत्तर प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा केशव परिसर आर्दश विद्या मंदिर प्रताप नगर, जोधपुर में 30 अप्रेल 2023 को गर्भ संस्कार विशय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित



स्नातकोत्तर प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में 9 मई एवं 10 मई 2023 को यूएसए में आयुर्वेद की स्थिति एवं अवसर विशय पर डॉ. वंदना बरनवाल, आयुर्वेद प्रैक्टिसनर, ओहियो, यूएसए का अतिथि व्याख्यान आयोजित




मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा दिनांक 17 मई 2023 को चिकित्सा विज्ञान में बैक्टीरियल बायोफिल्म्स की भूमिका विशय पर डॉ. नेहा जैन, असिस्टेन्ट प्रोफेसर आई. आई. टी. का अतिथि व्याख्यान आयोजित



मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा महाविद्यालय सभागार में दिनांक 24 मई 2023 को डॉ. विवेक विजय सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग, आईआईटी, जोधपुर का अतिथि व्याख्यान आयोजित




स्नातकोत्तर अगद तंत्र विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में दिनांक 27 मई 2023 को तम्बाकू मुक्ति उपचार विशय पर डॉ. नरेश नेमिनानि मनोविज्ञान विभाग, एम्स जोधपुर का अतिथि व्याख्यान आयोजित



स्नातकोत्तर अगद तंत्र विभाग द्वारा बीएसएफ सभागार में दिनांक 30 मई 2023 को तंबाकू–इसके प्रभाव और आयुर्वेदिक उपायों के माध्यम से प्रबंधन विशय पर डॉ. ऋतु कपूर, विभागाध्यक्ष, अगद तंत्र का अतिथि व्याख्यान आयोजित



मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा महाविद्यालय सभागार में दिनांक 2 जून 2023 को थैलेसीमिया रोगः कारण और प्रबंधन विषय पर मंजू बोहरा, वरिष्ठ प्रोफेसर, आईएचबीटी, एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर का अतिथि व्याख्यान आयोजित




डॉ राकेश शर्मा, निदेशक मानव संसाधन विकास केन्द्र एवं एसोसिएट प्रोफेसर, स्नातकोत्तर रचना शारीर विभाग 17 जून 2023 को असम स्टेट आयुर्वेद कोन्ग्रेस गुवाहटी द्वारा वर्चुअल प्लेटफार्म पर व्याख्यान आयोजित

## चिकित्सापरक गतिविधियाँ



ग्राम बावड़ी में 12 अप्रेल 2023 को निः शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। जिसमें डा दिलीप कुमार व्यास, डॉ शिल्पा कच्छवाहा, डॉ. विनोद मीणा, डॉ. पराग ,कंपाउंडर राहुल भाटी ने सेवाए प्रदान की। कुल 109 रोगी लाभान्वित हुयें।



गुरु जंभेश्वर मेला, ओसियां में 18 अप्रैल 2023 को निः शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ. ऋतु कपूर, डॉ. प्रवीण प्रजापति, डॉ. जयदीप, डॉ. पवन, डॉ. राजेश, डॉ. कमलेश, डॉ. शिप्रा, डॉ. ममता, डॉ. भूपेंद्र व नर्सिंग स्टाफ पूरन सिंह व कुशल ने सेवाए प्रदान की।



भटिंडा में 20 अप्रैल 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ. अवधेश शांडिल्य, डॉ. भंवरलाल सियाग, डॉ. अवनिकांत साहू, डॉ. विनोद बाजिया, नर्सिंग कर्मी राहुल ने सेवाए प्रदान की। कुल 102 रोगी लाभान्वित हुयें।



ग्राम मणाई में 26 अप्रैल 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ. राजीव सोनी डॉ. हेमंत मेनारिया, डॉ. अनुज, डॉ महेंद्र, डॉ मिनांज व डॉ. अंबिका एवं कंपाउंडर राहुल ने सेवाएं दी। कुल 156 रोगी लाभान्वित हुयें।



ग्राम खेड़ापा में 10 मई 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ मनोज कुमार अदलखा, डॉ. पूजा पारीक, डॉ मनोज महावर एवं डॉ. वर्षा, कंपाउंडर राहुल भाटी। कुल 80 रोगी लाभान्वित हुयें।



पुलिस परीक्षण केंद्र, जोधपुर में 15 मई 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ वृषाली एवं डॉ. नरेंद्र पटवा, नर्सिंग कर्मी अरुण सिंह, सहायक रामेश्वर ने सेवाए प्रदान की। कुल 90 रोगी लाभान्वित हुयें।



जूना रामद्वारा, चांदपोल, जोधपुर में 17 मई 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा शिविर प्रभारी एवं उपाधीक्षक आयुर्वेद चिकित्सालय, डॉ. हेमंत राजपुरोहित, डॉ. संतरा, डॉ. नूपुर, डॉ. जूली, कंपाउंडर राहुल भाटी व सत्यनारायण व भियाराम ने सेवाए प्रदान की। कुल 41 रोगी लाभान्वित हुयें।



जोधपुर ग्रामीण पुलिस लाइन दहिजर में 21 मई 2023 को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ वृषाली बराब्दे व डॉ नरेन पटवा, नर्सिंगकर्मी अरुण सिंह व नूर इस्लाम ने सेवाए प्रदान की। कुल 109 रोगी लाभान्वित हुयें।



कालीबाड़ी में 21 मई 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ. विष्णु दत भार्मा शिविर प्रभारी, डॉ. अमित गहलोत, डॉ. नीरज पंवार, डॉ. मुकेश माहिच, कंपाउंडर राहुल भाटी व सत्यनारायण प्रजापत ने सेवाए प्रदान की। कुल 89 रोगी लाभान्वित हुयें।



गोद ग्राम भटिंडा में 7 जून 2023 को निःशुल्क होम्योपेथिक चिकित्सा शिविर आयोजित। डॉ आभा अग्रवाल, डॉ राजेश कुमावत एवं डॉक्टर अभिषेक भारद्वाज, नर्सिंग कर्मचारी नूर इस्लाम एवं सहायक कर्मी रामेश्वर ने सेवाए प्रदान की।



गोद ग्राम भटिंडा में 24 जून 2023 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित। प्रोफेसर गोविंद प्रसाद गुप्ता नोडल अधिकारी एवं डॉ. संजय श्रीवास्तव सह नोडल अधिकारी, ने सेवाए प्रदान की। कुल 215 रोगी लाभान्वित हुयें।

## पर्यावरण सम्बन्धित सरोकार

### नवीन कन्या छात्रावास परिसर में पौधारोपण

दिनांक 29 अप्रैल 2023 को प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति माननीय कुलपति, और श्रीमती सीमा कविया कुलसचिव ने नवीन कन्या छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रो. चंदन सिंह, डॉ. राजेंद्र पुरबिया, डॉ. मनोज अदलखा और डॉ. ऋतु कपूर उपस्थित थे। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया।



### विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार सं. 3 के पास वृक्षारोपण

दिनांक 17 मई 2023 को कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने सड़क के दोनों ओर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार सं. 3 के पास वृक्षारोपण किया।



### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्रावास एवं महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण

दिनांक 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रावास एवं महाविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. (वैद्य) श्री प्रदीप कुमार प्रजापति ने जामुन, आम, फालसा, बिल्व, कटहल, इमली, नींबू, बिजौरा, चूना आदि। जैसे फलदार वृक्षों का रोपण किया। प्रो. प्रजापति ने वृक्षों के संरक्षण और पर्यावरण को बचाने के प्रयासों पर अधिक से अधिक जोर देने का आह्वान करते हुए। विश्वविद्यालय परिसर को हरा–भरा बनाने की महत्वाकांक्षा व्यक्त की और सभी फैकल्टी मेंबर्स और छात्रों को संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर माननीय कुलपति की उपस्थिति में द्रव्यगुण विभाग के पी.जी. विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. चंदन सिंह द्वारा पर्यावरण में औषधीय पौधों के महत्व पर व्याख्यान दिया गया।



### आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर परिसर में पौधारोपण

दिनांक 14 जून 2023 को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के परिसर में पौधारोपण किया गया। करीब 100 पौधे रोपे गए।



### विश्वविद्यालय परिसर में सनाय और अश्वगंधा की खेती प्रारंभ

कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति में स्नातकोत्तर द्रव्यगुण विभाग के पी.जी. विभाग की देखरेख में परिसर में आवासीय भवनों के सामने दिनांक 30 जून 2023 को सनाय और अश्वगंधा की खेती शुरू की गई। दोनों औषधीय पौधों सनाय और अश्वगंधा का उपयोग पीलिया, चिंता, तनाव, कमजोरी, कायाकल्प आदि जैसी विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए विश्वविद्यालय फार्मेसी में तैयार किए जा रहे विभिन्न आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य पीजीआईए, प्रोफेसर राजेश कुमार शर्मा डीन एकेडमिक, डॉ. मनोज अदलखा एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. राजेंद्र पुर्विया एसोसिएट प्रोफेसर उपस्थित रहें।




**संरक्षक**
प्रो. ( वैद्य ) प्रदीप कुमार प्रजापति
कुलपति

**उप संरक्षक**
श्रीमती सीमा कविया RAS
कुलसचिव

**सम्पादक**
डॉ. राकेश कुमार शर्मा
निदेशक, मानव संसाधन विकास केन्द्र

**सह–सम्पादक**

डॉ. हरीश कुमार सिंघल
एसोसियेट प्रोफेसर, कौमारभृत्य

डॉ. अरुण दाधीच
एसोसियेट प्रोफेसर, रोग व विकृति विज्ञान

डॉ. मोनिका वर्मा
एसोसियेट प्रोफेसर, मौलिक सिद्धान्त

डॉ. भानुप्रिया चौधरी
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, काय चिकित्सा

डॉ. हेमन्त कुमार
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग

डॉ. अशोक कुमार यादव
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, कौमारभृत्य



**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय**
**कड़वड़, नागौर रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 65, जोधपुर ( राज. )**
Phone : 0291-2795312, Fax : 0291-2795300
E-mail : rau_jodhpur@yahoo.co.in
Website : www.education.rajasthan.gov.in/home/dptHome/221



स्वत्त्वाधिकारी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के लिए डॉ. राकेश कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, रचना शारीर विभाग द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित तथा भण्डारी प्रिन्टसिटी, 23–ए, इण्डस्ट्रीयल एरिया गली नं. 1, न्यू पावर हाउस के पीछे, डीजल शेड रोड, जोधपुर से मुद्रित एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कड़वड़ नागौर रोड, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ. राकेश कुमार शर्मा


भारत सरकार की सेवार्थ

प्रिण्टेड बुक

सेवा में

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................